Helpline

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जालोर में दलाल (पत्रकार–प्राईवेट व्यक्ति) 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *26 जून, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जालोर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **मुकेश कुमार सुन्देशा पत्रकार मारवाड़ पत्रिका, जालोर (प्राईवेट व्यक्ति)** को परिवादी से **50 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. मुख्यालय को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी कि सरकारी कार्य में दलाली कर कमाई करवाने एवं अखबार में खबरें नहीं छापने की एवज में आरोपी मुकेश कुमार सुन्देशा पत्रकार मारवाड़ पत्रिका, जालोर (प्राईवेट व्यक्ति) द्वारा **50 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर (चार्ज जोधपुर रेंज) के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. जालोर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह राणावत** के नेतृत्व में आज **पुलिस निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार** द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश कुमार सुन्देशा पत्रकार मारवाड़ पत्रिका, जालोर (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **50 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं. 1064*** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं. 94135–02834*** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**